# मुख्यमंत्री सचिवालय

## प्रेस विज्ञप्ति

**रांची,दिनांक: 16/07/2026**

**मुख्यमंत्री सचिवालय**
**प्रेस विज्ञप्ति --259/2026**
**16 जुलाई 2026**
**जगन्नाथपुर, धुर्वा, रांची**
**==============================**
**ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथयात्रा महोत्सव-2026 में सम्मिलित हुए माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन।**
**==============================**
**माननीय राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री ने महाप्रभु जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर समस्त राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की।**
**==============================**

**★ माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने दी रथयात्रा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।**
**==============================**
माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज ऐतिहासिक जगन्नाथपुर मंदिर रथयात्रा महोत्सव में सम्मिलित हुए।  इस अवसर पर माननीय राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री ने महाप्रभु जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र की विधिवत् पूजा-अर्चना कर समस्त झारखंडवासियों की सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की।

माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने पारंपरिक विधि-विधान से श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान जगन्नाथ के रथ की रस्सी खींचकर रथयात्रा का शुभारंभ किया तथा 'जय जय जगन्नाथ' के जयकारे लगाए। माननीय मुख्यमंत्री के साथ-साथ आस्था एवं भक्ति के समागम में शामिल हजारों श्रद्धालुओं ने भी 'जय-जय जगन्नाथ' के जयकारे लगाए। मौके पर माननीय मुख्यमंत्री ने समस्त राज्य वासियों को भक्ति एवं समर्पण का पर्व रथयात्रा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**मुख्यमंत्री ने की तोरणद्वार निर्माण कराए जाने की घोषणा**

रथयात्रा के पावन अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि जगन्नाथपुर मंदिर की भव्यता को और बड़ी पहचान दिलायी जायेगी। इस ऐतिहासिक धार्मिक स्थल को पर्यटन के मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित किया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ मंदिर की दूर से ही पहचान हो, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा मंदिर को जोड़ने वाली सड़क पर भव्य तोरणद्वार का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि रथयात्रा महोत्सव का पूरे साल श्रद्धालुओं द्वारा इंतजार किया जाता है। आज यहां श्रद्धालुओं की उपस्थिति जगन्नाथपुर मंदिर की दिव्यता, भव्यता और आकर्षण को स्पष्ट करता है। आने वाले समय में यह रथयात्रा मेला को और सफल तथा प्रभावी बनाया जाएगा।

**इस अवसर पर माननीय मंत्रीगण, माननीय सांसदगण, माननीय विधायकगण सहित अन्य गणमान्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।**

**==============================**

**#Team PRD(CMO)**